Career counselling and goal setting after graduation

CC&PC Hknahan 01 Mar, 2023

आज दिनांक 1 मार्च 2023 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में NSS unit, Career Counseling and Guidance cell तथा Chitkara University के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के outgoing विद्यार्थियों के Career counselling हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय "Career counselling and goal setting after graduation" था। मुख्य प्रवक्ता व उपस्थित लोगों के स्वागत के बाद Chitkara University से आए Pro Vice Chancellor, Professor K.D.S. Bedi ने अपना वक्तव्य शुरू किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना उद्देश्य बनाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए और बताया कि व्यक्ति को किसी भी काम को करने के लिए confidence की जरूरत होती है जो तीन तत्वों competence, communication तथा collaboration से आता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में व्यक्तित्व निर्माण के इन तत्वों पर खासा जोर दिया जाता है। उन्होंने चितकारा विश्वविद्यालय में चलाए जा रहे विभिन्न courses जैसे educational, business, entrepreneurship, marketing आदि क्षेत्रों में भविष्य बनाने हेतु जानकारी सांझा की। उनके साथ आए Manager Outreach Program Mr. Shubham Sood ने विद्यार्थियों का Bio-Data भी इकट्ठा किया। कार्यक्रम के अंत में सहायक आचार्य दिनेश कुमार द्वारा सभी के धन्यवाद करने के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।